So also with regard to the bringing of witnesses. Even now a party brings witnesses. Even though the other party may cross-examine them and ask them, 'why have you come at the invitation of the other party?', the court does not take notice of it. Courts nowadays realise the social consciousness of the people. People now do not depend on the wealth of the people bringing them. In cross-examination, the veracity and *bona fides* of the witnesses can be well understood. So not much value can be attached to the fact of witnesses being brought by the party. Actually, sometimes witnesses may not like it. They say, 'We do not want to follow you. Let us get the summons and we will come and say what we have to say'. Therefore, even though we may have this provision here, it won't be made much use of, because there are respectable witnesses, they may not like to come with the party. They may consider it as an insult to go to the party's house and then come along with them. So even though we have the provision incorporated here, it will not be made much use of by the parties.

Then with regard to sub-clause (6) of clause 16, Order XXV, rule 1; asking for security for costs, according to my experience in the Bar, we ought not to be content with the existing provision

alone. At the hearing stage, the plaintiff who is not a resident there and who has no immoveable property, goes on raising contentions, and on demand by the other party, furnishes security. According to me, even now parties who are settled here and who have no immoveable property, raise a lot of contention. But no court can demand security for costs; it can only have the person brought there, when security for his appearance is demanded and furnished. But, according to me, we must go a step further. In a number of cases, we find that this cannot stand for a moment. So when the court finds from the written statements and other pleadings that those contentions are frivolous—because the process must go on—the court must be vested with powers, even though the parties concerned may be belonging to the place or have no immoveable property, to demand security for costs. That will also be a check against raising frivolous contentions, which are raised not for succeeding but for the sake of contention.

These are welcome changes. They have to be looked into and seriously examined by the Joint Committee. Moreover, provisions in Parts I and II of the Civil Procedure Code may also be examined by the Committee, so that we need not wait till the Law Commission examines the matter and comes out with its exhaustive report dealing with so many other matters also. We shall, meanwhile, as far as possible try to achieve the object, namely, reducing the time and expense and achieving more efficiency. Let us see what can be done. Let the Joint Committee go into the matter and revise all those provisions of the Civil Procedure Code which require revision and see that as far as possible, better provisions are adopted which will have the desired effect. So I welcome this measure.

श्री आर० डी० मिश्र (जिला बुलन्दशहर): मैं समझ रहा था कि सिविल प्रोसीज्यौर में कोई भारी परिवर्तन होने जा रहा है क्योंकि जिस तरह डा० काटजू साहब ने क्रिमिनल प्रोसीज्यौर कोड एक्ट के सम्बन्ध में अपना भाषण दिया था और उसके सम्बन्ध में बहुत से कागजात हमारे पास भेजे थे उससे हमने समझा था कि इस सिविल प्रोसीज्यौर कोड के बारे में भी काफी मसाला हमारे सामने रक्खा जाएगा, लेकिन जब यह बिल हमारे सामने आया तो मालूम पड़ा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। जो इसमें छोटी मोटी तरमीमें की जा रही हैं, उनके लिए तो मेरी समझ में यह भी नहीं आता कि यह बिल सेलेक्ट कमेटी को क्यों भेजा जा रहा है। इसमें ऐसी कौन सी बात है कि जिस पर सेलेक्ट कमेटी छः महीने गौर करेगी और बिजनेस कमेटी ने भी यह नहीं सोचा जो यह दस घंटे का वक्त बिल के सोचने के लिए दिया, वह बहुत ज्यादा है। इस से पहले जो हाउस के सामने स्प्रिचुअस प्रीपेरेशन्स बिल रक्खा गया और जिसमें कि एक साल की सजा का प्राविजन था अगर कोई उसकी खिलाफ वर्जी करता हुआ पकड़ा जाए। यह जानना एक थानेदार के लिए कि इस प्रीपेरेशन में C_2H_5OH का कैमिकल कम्पोजीशन है या नहीं बहुत मुश्किल होगा, उस बिल को तो यहां पर तीन घंटे में पास कर दिया गया। उसके सम्बन्ध में बहुत कुछ कहा गया और बहुत बातें समझाई गईं, लेकिन कोई भी बात नहीं मानी, लेकिन इसमें जिसमें कोई डर नहीं है, सिर्फ यह है कि सम्मन चपरासी के बजाय डाकखाने से भी रजिस्ट्री चिट्ठी द्वारा भेज दिया जाया करे, या मुंसिफी का चपरासी भी तामील के लिए जाए और साथ ही डाकखाने की रजिस्ट्री भी चली जाए, या खर्च पर सूद न दिया जाए, या डिग्री के साथ आर्डर शामिल कर लिया जाए, या इसमें कहीं "एंड" का लफ्ज जोड़ दिया जाए, ऐसी मामूली सी बातों के लिए मेरी समझ में यह नहीं आया कि हमारे आनरेबुल मिनिस्टर साहब ने इस बिल को सेलेक्ट कमेटी में ले जाने के लिए कौन सी बड़ी बात समझी।

इसी तरह इसमें जो रिवीजन का क्लाज है उसके अन्दर से "देयरटु" का लफ्ज निकाला जाए, उसके ऊपर सेलेक्ट कमेटी गौर करेगी, तब उसमें कोई बदलाव होगा, ऐसी बातों को रख कर हाउस का भी वक्त खराब करना है और सेलेक्ट कमेटी का वक्त भी खराब करना है। अगर वाकई आपने इस सिविल प्रोसीज्यौर कोड

[श्री आर० डी० मिश्र]

में कोई लाभदायक अमेंडमेंट करना हैं तो जो संशोधन मेरे भाई श्री मुकुन्द लाल अग्रवाल ने दिया हैं कि सेलेक्ट कमेटी को यह इंस्ट्रक्शन्स दिए जाएं कि सिविल प्रोसीज्योर एक्ट में अमेंडमेंट करने के लिए जितने भी संशोधन आएं, उन पर सेलेक्ट कमेटी गौर करे, तब तो यह बिल सेलेक्ट कमेटी को भेजना जरूरी हो जाता हैं और अगर यह मंशा हो तो मैं जरूर अपने आनरेबुल ला मिनिस्टर साहब से अपील करूंगा कि भाई मुकुन्द लाल अग्रवाल का जो अमेंडमेंट हैं, उसको मंजूर कर लें। और सिविल प्रोसीज्योर एक्ट में तरमीम करने के लिए सदस्यगण जो भी अमेंडमेंट दें, कमेटी उन सब सुझावों पर गौर करे, और अगर ऐसा होता हैं तो यह एक बड़ी मुनासिब और माकूल बात होगी।

हमारे एक साथी ने जो उड़ीसा के चीफ जस्टिस रह चुके हैं हमको बतलाया और अपना चालीस वर्ष का तजुर्बा हमारे सामने रक्खा। उन्होंने हमें बतलाया कि सिविल प्रोसीज्योर एक्ट में कोई ऐसी ज्यादा बात नहीं हैं जिससे कहीं बे-इंसाफी हो जाने वाली हैं। हां, कहीं कहीं पर लोग इस सिविल प्रोसीज्योर एक्ट पर पूरा अमल नहीं करते हैं जिसकी वजह से मुकदमों के तै होने में देरी होती हैं। जो बात उन्होंने कही हैं वह समझने की हैं। दूसरे आपने खुद कहा हैं कि डिले होती हैं, देरी होती हैं। डिले का एक खास कारण तो यह हैं कि अदालतों में जजों और मुंसिफों की कमी हैं। दूसरी वजह यह हैं कि इन सिविल कोर्ट्स को इतनी लम्बी छुट्टी दी जाती हैं कि काम काफी पिछड़ जाता हैं। सुप्रीम कोर्ट चार महीने के लिए बन्द हैं, तमाम हिन्दुस्तान का काम जो उस अदालत को करना होता हैं, वह पड़ा रह जाता हैं। इसी तरह हम देखते हैं कि दूसरी अदालतें भी जैसे हाई कोर्ट और दीवानी अदालतें काफी लम्बी छुट्टी मनाती हैं, जिसके कि कारण काम पड़ा रह जाता हैं। आप डिले को हटाने के लिए लम्बी छुट्टियों को कम कीजिए और जजों और मुंसिफों की तादाद को बढ़ाइए। तीसरे जैसे कि क्रिमिनल प्रोसीज्योर एक्ट के अन्दर हैं कि आनरेरी मजिस्ट्रेट रक्खे जाएं और आनरेरी कोर्ट्स हों, उसी तरह हिन्दुस्तान में जितने भी रिटायर्ड जज, मुंसिफ और वकील मिलें उनको आप आनरेरी जजेज और आनरेरी मुंसिफ बना कर मुकदमें फैसला करने का प्रबन्ध कीजिए या कुछ तनख्वाहदार मुकर्रर करिए ताकि लोअर कोर्ट्स और हाई कोर्ट्स में जितना पिछड़ा हुआ काम हैं वह सब पूरा हो जाए, अगर आप ऐसा करें तब तो समझ में आ सकता हैं कि आप वाकई तरमीम कर रहे हैं...।

श्री विभूति मिश्र : ऐसा करने से अनएम्प्लायमेंट भी दूर हो जाएगा।

श्री आर० डी० मिश्र : मैं आनरेरी के मुताल्लिक कह रहा हूं, मैं तो रिटायर्ड लोगों के रखने के वास्ते कह रहा हूं जिन्हें पेंशन भी काफी मिलती हैं और जिन्हें अपने घर में वक्त काटना भारी हो जाता हैं, ऐसे लोगों को यह काम दे दिया जाए ताकि वह आनरेरी जज या मुंसिफ बन कर कुछ मुकद्दमात तय कर सकें। इसके अलावा आप कुछ सरकारी नौकर भी बढ़ावें जिससे डिले दूर होगी और जैसा कि मेरे दोस्त ने कहा ऐसा करने से अनएम्प्लायमेंट भी दूर होगी।

इस बिल के अन्दर कुछ बातें ऐसी हैं जो जरूर अच्छी हैं और जिनको कि मैं मानता हूं कि वह वाकई में अच्छी हैं। अब चूंकि हमारे यहां जमींदारी प्रथा खत्म हो गई हैं इसलिए पहले जो लैण्ड रेवेन्यू अदा करने वालों जायदादों के नीलाम के सिलसिले में एक्सक्यूशन के कागजात नीलाम के वास्ते कलक्टर के पास जाते थे, अब उसकी जरूरत नहीं हैं। लैंड रेवेन्यू सिस्टम के कारण वह इजरा डिग्री के कागजात कलक्टर के पास भेजे जाते थे ताकि लैंड रेवेन्यू सिस्टम में कोई खराबी न आने पाए और ठीक ठीक काम हो जाए और साथ ही सिविल कोर्टों के पास ज्यादा काम न रहे।

अब जमींदारी खत्म हो गई। कलेक्टर के यहां एग्जिक्यूशन के प्रोसीडिंग्स भेज दी जाएं और वह जायदादों को नीलाम कर के दीवानी अदालतों को इजरा वापस कर दें। अब इन दफात की जरूरत नहीं रह जाती हैं उनका निकालना जरूरी समझा जा सकता हैं। लेकिन इस बिल में बाकी

कुछ ऐसी बातें भी रक्खी गई हैं कि बाज जगहों पर तो उनको दंड कर रूहानी तकलीफ होती हैं।

एक माननीय सदस्य: रूहानी तकलीफ कैसी?

श्री आर० डी० मिश्र: रूहानी तकलीफ यह हैं कि यह हमें अपनी गुलामी की याद दिलाती हैं। इस बिल में जो दफा ५ हैं, उसमें यह रक्खा हैं कि जो इंडियन इंडिया हैं, जहां पर कि राजा लोग राज्य करते थे, वहां की अदालतों की जो एक्स पार्टी डिगरियां हैं वह भारत के उस भाग में जो ब्रिटिश इंडिया का हिस्सा था, जिस में आप ने लाल रंग नक्शे में देखा होगा, एग्जिक्यूट नहीं हुआ करेंगी, और ब्रिटिश इंडिया की अदालतों की एक्स पार्टी डिगरियां इंडियन इंडिया की अदालतों में एग्जिक्यूट नहीं होंगी। क्यों साहब? आपको इस अमेंडमेंट लाने की क्या जरूरत हैं। इसकी वजह आनरेबिल ला मिनिस्टर साहब बतलाते हैं कि २६ जनवरी, सन् १९५० से पहले इन भागों की अदालतों में आपस में इजराय डिगरी के ताल्लुकात नहीं थे। अरे साहब, हिन्दुस्तान गुलामी से निकल गया, मुल्क आजाद हो गया, तमाम हिन्दुस्तान एक हो गया, इंडियन इंडिया और ब्रिटिश इंडिया का फर्क मिट गया तमाम स्टेट्स यूनियन आफ इंडिया में मर्ज हो गई। तब फिर आप गुलामी की याददाश्त की इस दफा को दोबारा क्यों रख रहे हैं? अब हालत में फर्क आ गया हैं अब पिछली बातों को फिर ताजा करना ठीक नहीं हैं। अब अगर एक्स पार्टी डिगरीज हों तो उनको कानून के अनुसार एग्जिक्यूट किया जाए। मैं यह मुनासिब समझता हूं कि अगर वहीं राजाओं की रियासतों के अन्दर की अदालतों की एक्स पार्टी डिगरी पास की हुई हैं और डिगरी हासिल किया हुआ आदमी ब्रिटिश इंडिया के इलाके की अदालत के जरिए इजरा डिगरी का तबादला कराकर रुपया वसूल करना चाहता हैं तो उसको यह हक होना चाहिए। आप इसको रखिए, मैं आपके साथ हूं। हां, अगर किसी आदमी ने बेईमानी से डिगरी हासिल की हैं तो वह एग्जिक्यूट न होनी चाहिए। लेकिन इसका तरीका यह नहीं हैं जो आपने दफा ५ में रक्खा हैं। इसका तरीका यह हैं कि जजमेंट-डेटर को दफा ४७ के मातहत मौका दिया जाए कि वह उसको रद करा सके। अगर कोई जजमेंट-डेटर आब्जेक्शन करे कि उसे उस डिगरी का पता नहीं तो अदालत को इसकी तहकीकात करने की जरूरत नहीं कि उसको नालेज थी या नहीं, उसको वह डिगरी सेट असाइड कर देनी चाहिए और रेगुलर सूट की तरह की जांच करनी चाहिए। उसके बाद अगर रुपए की डिमान्ड अनड्यू पाए तो उसको ठीक कर दे। इसमें ब्रिटिश इंडिया और इंडियन इंडिया का सवाल कहां हैं। ब्रिटिश इंडिया की अदालतों में डिगरी आए तो वहां एन्क्वायरी हो, डिगरी की ठीक जांच कर के रुपया वसूल कराया जाए, अगर वहां इंडियन इंडिया की अदालतों में यहां की डिगरी जाए तो वहां तहकीकात हो और तब रुपया वसूल हो। यह तो मेरी समझ में आ सकता हैं। लेकिन यह बात समझ में नहीं आती कि वह डिगरियां इजरा नहीं होंगी। सन् १९५० में आपने खुद तमाम स्टेट्स को मर्ज किया, यहां का कानून वहां लागू हो गया। और आज पांच साल बाद आप कहते हैं कि अब फिर दोबारा इधर की दुनिया उधर होगी। इसलिए दफा ५ में जो बात रक्खी गई हैं वह ठीक नहीं हैं। इसको आप को एमेंड करना चाहिए और सेलेक्ट कमेटी को भी इस पर गौर करना चाहिए। इंडियन इंडिया और ब्रिटिश इंडिया की बात इसमें नहीं रहनी चाहिए। हां, इस के लिए कोई रास्ता निकाला जाए कि जो गलत डिगरियां किसी ने ले रक्खी हैं वह सेट एसाइड हो जाएं और ठीक डिगरियों का रुपया वसूल हो जाए।

दूसरी बात आपने क्लाज दो में रक्खी हैं ६ परसेंट सूद की। यह एक मामूली बात हैं: It is the regular rate of interest throughout India. ६ परसेंट से ज्यादा कोई कोर्ट इन्टरेस्ट नहीं देता। अगर कोर्ट अपने फैसले में कह दे कि "विथ इन्टरेस्ट" तो समझा जाता हैं कि ६ परसेंट इन्टरेस्ट।

the regular interest of Six per cent is तारीख डिगरी से तारीख अदायगी तक डिगरी की रकम पर ६ परसेंट ही सूद अदालतें आजकल देती हैं अगर आप इस सूद की दर को इस बिल के

[श्री आर० डी० मिश्र]

जरिए दफा २४ में दर्ज कर देना चाहते हैं तो कर दें, कोई बात नहीं है. यह मामूली बात है।

इस बिल के द्वारा आप दफा ३५ए में तरमीम कर रहे हैं। ३५ए की इस बात को मैं मानता हूं कि उसमें से यह शब्द निकाल देने चाहिएं कि अगर कोर्ट शख्श सब से पहले मौके पर इस प्रकार का एतराज करे तो उसको खर्चा मिल सकता है। अदालत को किसी मौके पर भी अगर यह मालूम हो जाए कि किसी आदमी ने झूठा या वैक्सेशस मुकदमा दायर किया है तो अदालत को अख्त्यार होना चाहिए कि वह कम्पेन्सेशन या खर्चा दिला दे। यह बात भी मैं मानता हूं कि अगर कोई झूठी डिगरी जारी करता है, नीलाम जायदाद कराता है या कोई इजरा डिग्री में झूठा उजर करता है, वहां लोअर कोर्ट को इसका अख्त्यार देना चाहिए कि वह दफा ३५अ में खर्चा खास दिला सके। लेकिन अपेलेट कोर्ट को अख्त्यार न दिया जाए, यह बात मेरी समझ में नहीं आती क्योंकि अगर एक आदमी ने झूठी या वेक्सेशस नालिश लोअर कोर्ट में कर दी और लोअर कोर्ट ने किसी गलती से नालिश को झूठी न समझ कर डिगरी दे दी, उसके बाद अपील में जा कर अगर एपेलेट कोर्ट यह समझे कि लोअर कोर्ट का जजमेंट गलत है और वाकई नालिश झूठी है, तो क्या वजह है कि एपेलेट कोर्ट दफा ३५अ में खर्च को न दिला सके? एक छोटा सा मुंसिफ तो खर्च को दिला सकता है, लेकिन हाई कोर्ट का जज या डिस्ट्रिक्ट जज जो है वह उस खर्च को न दिला सके, यह बात मेरी समझ में नहीं आती। एपेलेट कोर्ट को भी यह अख्त्यार होना चाहिए। चूंकि अपीलें भी झूठी हो सकती हैं इसलिए उसमें भी वह खर्चा दिला सके। मान लीजिए कि एक आदमी ने लोअर कोर्ट में नालिश कर दी, लोअर कोर्ट ने उसको झूठी समझ कर खारिज कर दिया और उस पर सूट का खर्चा दिलाया, और ३५ अ में खर्चा खास दिलाया लेकिन वह आदमी आगे अपील करता है, यह जानते हुए कि नालिश झूठी है और मुंसिफ ने हालांकि उसको खारिज कर दिया है फिर भी वह अपील कर रहा है। तो अगर ऊपर की अदालत इस नतीजे पर पहुंचे कि यह मुकदमा झूठा है लोअर कोर्ट का फैसला सही है। यह आदमी सिर्फ दूसरी पार्टी को तंग कर रहा है, नीचे की अदालत में उसने झूठा मुकदमा चला कर तंग किया और अब ऊपर की भी अदालत में अपील करके तंग कर रहा है, तो अदालत अपील को खर्चा खास दिलाने का अख्त्यार मिलना चाहिए। मेरा कहना यह है कि एपेलेट कोर्ट को भी यह हक रहना चाहिए कि जो आदमी फाल्स या वैक्सैशस अपील करे उन से ३५ए के मुताबिक वे दूसरी पार्टियों को कम्पेन्सेशन दिला सकें।

इसके बाद आप देखेंगे कि दफा ६० में तरमीम की जा रही है। क्या तरमीम की जा रही है? कि जब सरकारी नौकर के खिलाफ इजरा डिगरी होगी तो उसमें अटैचमेंट से सरकारी मुलाजिमों की तनख्वाह का १/२ एग्जेम्प्ट रहेगा। वैसे अब तक था कि तनख्वाह के पहले १०० रु० अटैचमेंट से एग्जेम्प्ट रहेंगे और उसके ऊपर जो तनख्वाह बचेगी उसका ५० परसेंट भाग एग्जेम्प्ट रहेगा शेष भाग कोई आदमी जब चाहेगा तब अपनी डिगरी में ले सकेगा। अब ऐसा मालूम होता है जैसे बहुत सी औरतें मेंटेनेन्स डिगरी ले कर सरकारी अफसरों के खिलाफ आ रही हैं और उन औरतों की हिमायत में हमारी मिनिस्ट्री आ रही है कि २/२ तो बीवी को मिलना चाहिए और १/२ खाविन्दों के पास रहना चाहिए।

एक माननीय सदस्य: आप क्या चाहते हैं? मेंटेनेन्स की डिगरी कितने की होनी चाहिए?

श्री आर० डी० मिश्र: बराबर बराबर बंटना चाहिए। पति के खिलाफ बीवी की डिगरी और किसी दूसरी डिगरी में फर्क हो जाता है। स्त्री जो है वह अर्द्धांगिनी होती है, अगर उसके मेंटेनेन्स की डिगरी हो तो ५०, ५० होना चाहिए। आप ने २/२ का रूल कहां से निकाल कर रक्खा यह मेरी समझ में नहीं आता। मेंटेनेंस डिगियों में आधी तनख्वाह एक्जेम्प्ट रहनी चाहिए।

Shri Pataskar: It is not going to be applied only to maintenance decrees in favour of women.

श्री आर० डी० मिश्र: आप सोच लीजिए।

इसके बाद आप क्लाज ११ के जरिए स्माल काजेज कोर्ट की डिग्रियों की सैकिन्ड अपील में ५०० रु० की मियाद को बढ़ा कर १००० रु० कर रहे हैं। यह आप गरीब आदमियों के साथ अन्याय कर रहे हैं कि ५०० रु० को बढ़ा कर १००० रु० कर रहे हैं और उसको संकेंड अपील की ईजाजत नहीं दे रहे हैं। लाखों रु० का मामला तो हाई कोर्ट तक जा सकता है, सुप्रीम कोर्ट तक जा सकता है, लेकिन गरीब आदमी को जो संकेन्ड अपील का राइट था उसको उस से छीन रहे हैं। यह आप अच्छी बात नहीं कर रहे हैं, इसको आप सोच लीजिए।

दफा १४ के मातहत जो आप कोड की दफा १३३ में तरमीम कर रहे हैं कि प्रेजिडेन्ट वगैरह को अदालतों में हाजिर होने से एग्जेम्प्ट किया जाए, यह तो बड़ी अच्छी बात है और इसे मैं मुनासिब समझता हूं कि उन्हें अदालतों में हाजिर होने से एग्जेम्प्ट रक्खा जाए।

अब सवाल यह आता है कि आप सर्विसेज आफ समन्स में भी कुछ तरमीम कर रहे हैं। इसमें यह तरमीम की जा रही है कि डाकखाने की रजिस्ट्री के जरिए से समन भेज दिया जाए और वह इनकारी वापिस हो तो तामील काफी मान ली जाए। मेरा कहना यह है कि जब कोई रजिस्ट्री जाती है तो रजिस्ट्री का पाने वाला पहले समझ लेता है कि कोई न कोई नालिश का कागज है। ऐसा होने पर वह कागज को लेगा ही नहीं। जिस पर रुपया चाहिए वह रजिस्ट्री को लेगा ही नहीं। रजिस्ट्री को रिफ्यूज कर देगा। दूसरी बात यह भी हो सकती है कि इस की कोई गारन्टी नहीं है कि रजिस्ट्री उसके पास गई भी थी, और अगर डाकखाने वाले बेईमानी करना चाहेंगे तो पोस्टमैन लिख देंगे कि रिफ्यूज्ड। अब तक थोड़ा सा सेफगार्ड था कि चपरासी तामील करने जाता था और उसी को समन की तामीली करनी पड़ती थी। उसको कम से कम यह लिखना होता था कि मुद्दायले के मकान का दरवाजा पूर्व को है या पश्चिम को। इससे कम से कम यह मालूम होता था कि चपरासी मुद्दायले के मकान के दरवाजे तक गया था।

पंडित डी० एन० तिवारी (सारन दक्षिण): कचेहरी में पूछ लेता था।

श्री आर० डी० मिश्र: लेकिन कम से कम पूछता तो था और साथ में दो गवाहियां कराता था कि मुद्दायले ने उनके सामने लेने से इनकार किया। तो दो गवाहों की एविडेंस मिलती थी, मकान का हुलिया मिलता था फिर कोर्ट में जा कर अफसर के सामने आन ओथ स्टेटमेंट देता था कि मैं गया और इस तरह फलां फलां गवाहों के सामने फलां आदमी ने समन लेने से इन्कार किया। तो इतने सेफगार्ड के साथ चपरासियों के द्वारा समन की तामील होती थी। लेकिन फिर भी कोर्ट नहीं मानता था और दूसरे जरिए से भी उस समन को तामील करवाता था। अब आप कहते हैं कि अगर सिर्फ डाकखाने से लिख कर चला जाएगा कि रिफ्यूज्ड तो तामील काफी मान ली जाए। उस रिफ्यूज्ड पर न किसी की गवाही है न स्टेटमेंट आन ओथ है, और आप कहते हैं कि इसको मान लिया जाए। यह कहां तक ठीक होगा। यह तो बड़ी निकम्मी सर्विस होगी और इससे और ज्यादा बेइनसाफी बढ़ेगी। इससे ज्यादा बेहतर तो मैं यह समझता हूं कि अगर रिजिस्ट्री न करा कर अंडर पोस्टल सर्टिफिकेट समन भेज दिया जाए तो ज्यादा बेहतर होगा। इससे यह तो साबित हो जाता है कि सम्मन भेज दिए गए हैं और साधारण रूप में वह मुद्दायले पर चिट्ठी की तरह पहुंच गए होंगे। हम रोजमर्रा देखते हैं कि जो चिट्ठियां बगैर रिजिस्टर करवाए भेजी जाती हैं वे पहुंच जाती हैं और इससे यह प्रिजम्पशन निकलती है कि वे पहुंच गई हैं। रिजिस्टर कराने में बड़ी गड़बड़ी होगी। इस से वह मुद्दई पोस्टमैन के पास पहुंच जाएगा और उसको एक दो रुपया देकर "रिफ्यूज्ड" के लफ्ज लिखवा देगा। आप करप्शन को कचहरियों से हटा कर के डाकखानों में पहुंचा देना चाहते हैं लेकिन मैं प्रार्थना करता हूं कि कम से कम डाकखानों को तो करप्शन से बचाए रखिए। करप्शन के मुताल्लिक भार्गव साहब ने कहा कि कचहरियों में नीचे से ऊपर तक करप्शन फैला है। चपड़ासी रिश्वत लेते हैं, नाजिर लेता है, तमाम अहलकार लेते हैं और आप किसी ऐसे आदमी को नहीं पाएंगे जो रिश्वत न लेता हो। यहां पर मैं यह कहना चाहता हूं कि पार्लियामेंट ने एंटी करप्शन एक्ट पास किया। हाई कोर्ट ने यह तय कर दिया था कि क्रिमिनल

[श्री आर० डी० मिश्र]

प्रोसीजर कोड का सैंक्शन १९७ रिश्वत के मामलों में लागू नहीं होता है। इस में in the discharge of public duties का काम नहीं है। उसमें मुकदमा चलाने के लिए किसी सैंक्शन की जरूरत नहीं है। हाई कोर्ट्स के इस रूलिंग को बरतरफ करने के लिए एंटी करप्शन एक्ट पास कर दिया गया। उसमें यह लिख दिया गया कि रिश्वत के जितने भी मुकदमे होंगे वह तब तक नहीं चल सकते जब तक कि उस डिपार्टमेंट की मंजूरी न ले ली जाए जिस डिपार्टमेंट में कि वह आदमी नौकर हैं। अगर वह किसी डिस्ट्रिक्ट बोर्ड में नौकर हैं तो उस बोर्ड के चेयरमैन की मंजूरी लेनी होगी, अगर वह लोकल गवर्नमेंट में हैं तो लोकल गवर्नमेंट की मंजूरी लेनी होगी, अगर सैंट्रल गवर्नमेंट में हैं तो सैंट्रल गवर्नमेंट की मंजूरी लेनी होगी। हाई कोर्ट ने रिश्वत बन्द करने के लिए जो फैसला दिया आप ने यहां पर एक्ट बना कर रिश्वत खोरी को नहीं बन्द होने दिया। इसका नतीजा यह हुआ है कि जब रिश्वत लेने में सब साझीदार हैं, खुलेआम रिश्वत ली जाती है और जब मुकदमा चलाने के लिए सैंक्शन मांगी जाती है तो वह मिलती नहीं है। जितनी रिश्वत १९२७ में सरकारी अफसर लेते थे उससे कहीं बढ़चढ़ कर आज रिश्वत ली जाती है। जहां पहले एक रुपया वे लेते थे वहां आज दस रुपए लेते हैं, जहां एक सौ लेते थे वहां आज एक हजार लेते हैं और जहां हजारों लेते थे वहां आज लाखों लेते हैं। आज हालत यह है कि इनके कहीं पर तो टाउनशिप बन रहे हैं, कहीं कालोनीज बन रही हैं और कहीं दूकानें बन रही हैं। आज आप आर्डर इश्यू करते हैं कि सरकारी अफसरों से उनकी सम्पत्ति का हिसाब लिया जाए। लेकिन इन से कुछ होता नहीं है। आज जो आर्डर आप इश्यू करते हैं उन पर अमल नहीं किया जाता है। हाउस में जो कुछ मेम्बर साहिबान कहते हैं इसकी भी कोई परवाह नहीं की जाती। एक टाई की ही मिसाल ले लीजिए। इसके मुताल्लिक प्रेजीडेंट साहब ने कुछ आर्डर जारी किए तकरीबन तीन साल पहले, लेकिन अब भी हम देखते हैं कि कम से कम जो सैक्रेटरी लोग हैं उनके कालर तो जरूर बन्द हो गए हैं वह बन्द कालर का कोट पहनते हैं लेकिन जो अंडर सेक्रेटरीज हैं उनके अभी भी टाई लगी रहती है। अगर यह कहा जाए कि फलां जगह के रहने वाले लोग नहीं मानते, बम्बई के जो लोग हैं वह नहीं मानते, तब तो बात समझ में आ जाती है। लेकिन देहली में, यहां सरकारी अफसरों की लाबीज में अंडर सेक्रेटरीज को बगैर टाई के नहीं देखता। मैं ने सोचना शुरू किया कि आखिर बात क्या है कि सरकार के आर्डर्ज की तामील क्यों नहीं होती। जो फर्क मैंने देखा वह यह है कि राष्ट्रपति के आर्डर्ज की तामील, होम मिनिस्टरी के आर्डर्ज की तामील सिर्फ सैक्रेटरियों तक ही होती है और नीचे के अफसर इन आर्डर्ज की तामील नहीं करते। फिर मैं ने सोचा कि आखिर क्या कारण है कि नीचे के अफसर गवर्नमेंट के आर्डर्ज को नहीं मानते, क्या उनको इन आर्डर्ज को न मानने से जो नताइज निकल सकते हैं, उनका डर नहीं है। मुझे पता चला कि सैक्रेटरीज ने अपने अंडर सैक्रेटरीज से कह रखा है कि हमें तो रोजमर्रा मिनिस्टर्ज के पास जाना पड़ता है और इसलिए हमें गला बन्द रखना चाहिए और चूंकि आपको नहीं जाना पड़ता, इसलिए आप टाई वगैरह लगा सकते हैं और खुला गला रख सकते हैं। तो ऐसी हालत में हम क्या आशा करें कि यह हमारा काम करेंगे, ठीक ठीक करेंगे और जल्दी से करेंगे। रिश्वतस्तानी को जब हाई कोर्ट्स ने रोकने की कोशिश की तो यहां पर एक एक्ट पास करवा लिया गया कि मुकदमा चलाने के लिए सैक्रेटरी की सैंक्शन जरूरी है और जब तक वह सैंक्शन नहीं मिलती, मुकदमा नहीं चल सकता। मैं ने देखा है कि अलमारियों के पिछले खानों में फाइलें पड़ी रहती हैं जिनके बारे में यह पता नहीं चलता कि वे कब कब की कौन सी फाइल हैं। इन बातों का जिक्र करना इस सिविल प्रोसीजर कोड के बिल के बारे में मेरे विचार में फिजूल सी बात है। मैं चाहता हूं कि न्याय जरूर मिलना चाहिए। अगर कोई चोरी करता है तो उसको सजा होनी चाहिए, अगर कोई डकैती डालता है तो उसको

उसकी सजा मिलनी चाहिए, अगर कोई कत्ल करता है तो उसको फांसी की सजा मिलनी चाहिए। अगर किसी को रुपए देने हैं और वह दे नहीं रहा है तो उस पर डिगरी हो जानी चाहिए। वह डिगरी कैसे होगी उसके लिए प्रोसीजर दिया गया है। इन प्रोसीजरों के कारण न्याय नहीं हो रहा है। इतनी कोर्ट फीस जरूरी है, इतने और पैसे चाहिएं, इतनी वकील की फीस चाहिए, इतना तलबाना चाहिए और जब तक वह इतने पैसे खर्च न करें, उसके लिए इन्साफ लेना मुश्किल है। खाने को तो बेचारे के पास रोटी के पैसे नहीं होते तो इतना ज्यादा खर्च वह कहां से लाए। अगर कर्जा लेकर वह मुकदमा लड़ता भी है और ईमानदारी से जीत भी जाता है तो अब कहा जाता है कि खर्च पर सूद नहीं मिलेगा। मैं पूछता हूं कि क्या वजह है कि उसको सूद न दिया जाए? उसने क्या कसूर किया है? जब वह अदालत में आया और उसने सच्चा मुकदमा लड़ा और वह जीत गया और जब आप उसे मजबूर करते हैं कि इतने रुपए के टिकट लगाओ, इतना तलबाना दो, वकील को भी उसे देना पड़ता है और यह सब खर्चा करने के बाद जब डिगरी हुई कि इतना रुपया खर्च का भी मुद्दालह को देना चाहिए और जो एमाउंट एडजस्ट होगा वह दूसरा होगा। इस तरीके से जब आप कहते हैं कि खर्च पर सूद नहीं मिलेगा तो मैं पूछता हूं कि यह कहां तक मुनासिब है। उसने तो कर्जा ले कर मुकदमा दायर किया था और जब डिगरी हो गई तब अगर दूसरा फरीक उसे फौरन ही पेमेंट कर दे तब तो यह बात ठीक है। मगर जब दूसरे फरीक को मालूम है कि उसको कोई खर्च पर सूद नहीं देना पड़ेगा तो वह दो बरस या ज्यादा अरसा रुपया देने में भी लगा सकता है और इस तरह से यह और डाइलेटरी प्रोसीजर बन जाता है। यह मुकदमों को निपटाने के लिए स्पीडी प्रोसीजर नहीं हो सकता। हां अगर यह कहा जाए कि मार्टगेज का सूद नहीं मिलेगा तो समझ में आता है। जो बहुत ज्यादा सूद लेते हैं उस सूद को रोकने के लिए हम ने जरूर कोशिश की थी और यह किया था कि गरीब आदमियों को इससे तकलीफ न हो और उनको सूद दर सूद न देना पड़े, कम्पाउंड इंटरेस्ट न देना पड़े, असल के दूने से ज्यादा जो रुपये हो गए हैं वह नहीं मिलने चाहिएं, यह तो ठीक बात है लेकिन जब आप एक आदमी को मजबूर करते हैं कि वह अदालत में आए, रुपया लगाए तो अगर वह मुकदमा जीत जाए तो उसको उसके अदालती खर्च पर सूद न दिया जाए यह ठीक बात नहीं है। डिगरी की तारीख से अदा करने की तारीख तक खर्च पर सूद दिलाया जाना चाहिए।

इसके अलावा आपकी एक तरमीम क्लाज ९६ में सब-क्लाज ६ के ऊपर है। इसमें कहा गया है कि मुद्दई से सिक्योरिटी ले ली जाए। अब तक तो यह था कि अगर कोई आदमी हिन्दुस्तान से बाहर जाता था या जाने वाला होता था तो मुद्दई से सिक्योरिटी ले ली जाती है। अब इसको आम तौर पर लागू करने की बात कही गई है कि अदालत चाहे जिस से सिक्योरिटी डिमांड कर ले और अगर मुद्दई भारत से बाहर हो या बाहर जाने वाला हो तो उससे जरूर ले ली जाए। उसमें आपको इसका भी ख्याल रखना चाहिए कि यह ट्रफा पापर सूट पर भी एप्लाई करती है। अगर किसी गरीब आदमी के पास रुपया नहीं है, तो वह जमानत कैसे देगा? मैं यह भी कहना चाहता हूं कि पापर्ज के मुकदमों से सम्बन्ध रखने वाली दफाओं में भी आपको जरा कुछ अमेंडमेंट करनी चाहिए। इस विषय में जो कानून हैं, वह इतना गड़बड़ है कि गरीब आदमियों के लिए अदालत में जाने का रास्ता बन्द है। उसमें बहुत सी बातें बदल देनी चाहिए ताकि अगर किसी गरीब आदमी के पास कोर्ट-फीस देने लायक पैसा न हो, मकान, जमीन या कैश न हो, तो उसको मुकदमा करके अपने अधिकार की रक्षा का अवसर प्राप्त हो जाए। अगर कोई बड़ी भारी जायदाद का मालिक हो, लेकिन उसको गुंडों ने छीन लिया हो, तो उसको भी इन्साफ हासिल करने का मौका मिल सके। इस बारे में एक बहुत लम्बा चौड़ा सिलसिला रखा हुआ है। पहले मुंसिफ तहकीकात करता है, छान-बीन करता है, अगर उसको यकीन हो जाता है, तब वह नोटिस देता है और उसके बाद फिर गवाही होती है। इस तरह कई तारीखें पड़ती हैं। पापर के पास वैसे भी पैसा नहीं होता है। वह तो पापर होने की तहकीकात में ढेर हो जाएगा और उसके पास कुछ नहीं

[श्री आर० डी० मिश्र]

रहेगा। वकील और गवाह करने में ही उसका तमाम रुपया खर्च हो जाएगा। हमें ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि उसको आसानी हो और उसको इन्साफ मिल सके।

मैं आप से अर्ज कर रहा था कि अगर आपको इस बिल को उसी सूरत में पास करना है, जैसे कि वह इस वक्त यहां रखा गया है, तो इसको सिलेक्ट कमेटी में भेजना बेकार है। अभी तीन चार घंटे बाकी हैं। आम तौर पर सब मेम्बर्ज ने इसके प्रिन्सिपल्ज को मान लिया है और कोई खास आबजेक्शन नहीं किया है। इसलिए आप जो कुछ इस बिल में रखना चाहते हैं, उसको अभी रख लीजिए और जो कुछ निकालना चाहते हैं, उसको निकाल दीजिए। तीन चार घंटे में यह खत्म हो जाएगा। इसको सिलेक्ट कमेटी में क्यों भेजते हैं। लेकिन अगर आप सिविल प्रोसीजर कोड में इस प्रकार की तरमीम करना चाहते हैं कि लोगों को इन्साफ मिले और सब खराबियां दूर हों, तो आपको इसका स्कोप वाइडन करना चाहिए और सिलेक्ट कमेटी को यह अख्तियार देना चाहिए कि वह उन बातों पर गौर करे। सिविल प्रोसीजर कोड में दफा १२१, १२२, १२३ और १२४ मौजूद हैं, जिनके मुताबिक रूल्ज बनाने के अख्तियारात हाई कोर्ट को हासिल हैं। वे जो कुछ चाहें कर सकते हैं। वे काबिल आदमी हैं, इसलिए समझता हूं कि एक्सपर्ट कमेटी की ज्यादा जरूरत नहीं है। आप हाई कोर्ट को कह दीजिए कि आपको इस तरह रूल्ज बनाने चाहिए कि स्पीडी जस्टिस हो सके। अभी इस सदन के सदस्य एक्स चीफ जस्टिस साहब ने कहा था कि प्रोसीजर में कोई खराबी नहीं है, लेकिन लोग उसको पूरे तौर पर समझते नहीं हैं और या उस पर पूरा अमल नहीं करते हैं। आप हाई कोर्ट्स को कहिए कि फलां फलां रूल्ज आबजर्व नहीं हो रहे हैं—इंटेरोगेशन, इंस्पेक्शन वगैरह के रूल्ज आबजर्व नहीं हो रहे हैं—उनको मातहत अदालतों से आबजर्व कराइए ताकि मुकदमेबाजी कम हो और जल्दी जल्दी काम चले। अगर रूल्ज में कोई खराबी है, तो हाई कोर्ट के जज साहबान उनमें तरमीम कर देंगे। दे आर दि बेस्ट एक्सपर्ट्स। मैं आपसे फिर अर्ज करना चाहता हूं कि अगर आप सिविल प्रोसीजर कोड में कुछ तरमीम करना चाहते हैं, तो आपका इसका स्कोप बढ़ाइए। आप श्री मुकन्दी लाल अग्रवाल की तरमीम को मन्जूर कर लीजिए। मैं कहना चाहता हूं कि इसमें ऐसी बहुत सी बातें हैं, जिनको बदलना निहायत जरूरी है। आप शुरू से लीजिए।

सब से पहले लीगल रिप्रेजेंटेटिव की डेफिनीशन आती है। इस बारे में हाई कोर्ट डिफर करते हैं और इसके सम्बन्ध में कांट्राडिक्टरी रूलिंग मौजूद हैं। यह किताब देखिए। सिविल प्रोसीजर कोड की कमेंटरी में लिखा हुआ है कि फलां हाई कोर्ट के जज साहब ने कहा है कि कोपार्सनर लीगल रिप्रेजेंटेटिव हैं और दूसरे ने कहा है कि नहीं हैं। इस बारे में डिफरेंस आफ ओपीनियन है। जब हम तरमीम कर ही रहे हैं, तो हमको दोनों में से एक राय को मान कर उसको ला बना देना चाहिए और तय कर देना चाहिए कि जो सक्सेसर होगा, वह लीगल रिप्रेजेंटेटिव होगा।

इसी तरह रेस जुडिकेटा में काज आफ एक्शन डिफरेंट हो और डिफरेंट टाइम पर एराइज हो, वहां भी रूलिंग्ज डिफरेंट हैं। रेस जुडिकेटा तब होता है जब कि सेम इश्यूज हों। इश्यूज कई प्रकार के होते हैं: इश्यूज आफ ला और इश्यूज आफ फैक्ट। इश्यूज आफ ला एंड फैक्ट दोनों मिक्स्ड भी होते हैं। जब सिर्फ इश्यू आफ ला हो, तो वह रेस जुडिकेटा होना चाहिए या नहीं यानी अगर एक अदालत ने किसी इश्यू आफ ला को गलत इन्टरप्रेट कर दिया हो, तो वह दूसरे मुकदमे में रेस जुडिकेटा होना चाहिए या नहीं। इस बारे में भी डिफरेंस आफ ओपीनियन है। बम्बई हाई कोर्ट कहता है कि होना चाहिए, लेकिन कलकत्ता हाई कोर्ट और दूसरे हाई कोर्ट्स कहते हैं कि नहीं होना चाहिए। कौन ठीक है और कौन गलत है, यह तय करना आपका काम है। मैं यह नहीं कहता कि आप फलां हाई कोर्ट की राय मानिए। ये सब बातें आपके सामने मौजूद हैं और उनको देख कर आप फैसला कर

दीजिए। आपने स्टेटमेंट आफ आबजेक्ट्स एण्ड रीजन्ज में लिख दिया हैं कि सिविल प्रोसीजर कोड में तरमीम करना बड़ा मुश्किल काम हैं और इसको एक एक्सपर्ट्स कमेटी करेगी। मैं आपसे पूछता हूं कि फिर आपका सेक्रेटेरियट क्या कर रहा हैं? यह उसका काम था कि वह इस काम को करता, लेकिन उसने कुछ नहीं किया। सेक्रेटेरियट के लोग तो सारा दिन टेबल पर बैठे रहते हैं, काम कुछ करते नहीं हैं और मजा मार रहे हैं। आपके सेक्रेटरी हैं ला मिनिस्ट्री के। आप उनसे कहिए यू आर दि एक्सपर्ट। आपके नीचे पूरा डिपार्टमेंट हैं। आप जो कुछ पूछना चाहते हैं, हाई कोर्ट से पूछिए। इसके अलावा सब कुछ किताबों में छपा हुआ हैं। तो फिर एक्सपर्ट्स की क्या जरूरत हैं? आप मिनिस्ट्री से कहिए कि जहां दो हाई कोर्ट्स की राएं डिफर करती हैं, वे हमारे सामने रखी जाएं और बताया जाए कि उनमें से कौन सी राय मुनासिब हैं। मिनिस्टर साहब देखें कि बम्बई और कलकत्ता हाई कोर्ट्स क्या कहते हैं और फिर इस बारे में कोई फैसला कर दें। पार्टी में फैसला कर दें और हाउस को बता दें। मेरी समझ में नहीं आता कि यह एक्सपर्ट्स कमेटी क्या करेगी। मेरे ख्याल में उसकी कोई जरूरत नहीं हैं।

इसके बाद दफा २१ आती हैं जूरीस्डिक्शन की। सवाल हैं किसी अदालत को मुकदमा करने का जूरीस्डिक्शन हैं या नहीं। इसके सम्बन्ध में लिखा हैं कि अगर लोअर कोर्ट में इस बारे में आबजेक्शन ले लिया गया हो, तो अदालत अपील में वह माना जाएगा वर्ना नहीं। हाई कोर्ट की रूलिंग हैं कि अगर एपेरेंटली जूरीस्डिक्शन वाई हैं, तो अदालत की तमाम कार्यवाही गलत हो जाती हैं। इस बारे में भी हाई कोर्ट्स डिफर करते हैं। इसलिए इस सिविल प्रोसीजर में लिख दीजिए कि अगर जूरीस्डिक्शन नहीं हैं, तो उसकी कुल कार्यवाही गलत हैं। हाउस को यह भी अख्तियार हैं कि वह उसको सही मान ले। जिस बात पर हाई कोर्ट्स डिफर करते हैं, हाउस को उसके बारे में फैसला करना चाहिए कि कौन ठीक हैं और क्या कानून रहना चाहिए। आप कहते हैं कि ओवरहालिंग में बहुत देर लग जाएगी। मैं तो कहता हूं कि इसके लिए एक्सपर्ट्स कमेटी की कोई जरूरत नहीं हैं। यह काम मिनिस्ट्री और डिपार्टमेंट के हेड के सुपुर्द कर दीजिए। वे पढ़ें और देखें और जहां दो हाई कोर्ट्स डिफर करते हैं, वह मामला हमारे सामने रख दें, लेकिन ऐसा नहीं किया गया हैं।

इस सिविल प्रोसीजर में लिखा हुआ हैं कि अगर किसी फिमेल पर डिक्री हो, तो फीमेल्ज को इजरा डिग्री में जेल नहीं हो सकती। मैं कहना चाहता हूं कि अब कांस्टीट्यूशन पास हो गया हैं उससे सब को बराबरी का राइट मिल गया, औरत और मरद बराबर हो गए, तो फिर क्या वजह हैं कि औरतें जेल में न जाएं और मरद जाएं। आर्टिकल १४ कान्स्टीट्यूशन के अनुसार ऐसी सब दफा नाजायज हैं। मैं यह नहीं चाहता कि स्त्रियां जेल जाएं और न ही यह चाहता हूं कि मरद जाएं। जब किसी के पास रुपया देने को नहीं हैं, तो कानून कहता हैं कि वह इनसालवेंट बन जाए। बकाया डिग्री का रुपया न दें तो जेल में जाने से क्या हो जाएगा? कपड़े और खाने का खर्चा और बढ़ जाएगा और आदमी महीना भर जो कमाता हैं, वह नहीं कमा सकेगा। रुपया कैसे वसूल होगा? रुपया वसूली के लिए किसी को जेल भेजना फिजूल बात हैं। हमारा कहना यह हैं कि कोई आदमी रुपए की वसूली के लिए जेल नहीं भेजा जाना चाहिए। अगर कोई आदमी जुर्म करता हैं, डकैती डालता हैं, कत्ल करता हैं या और कोई खराब काम करता हैं उसी हालत में उसको जेल जाना चाहिए। सिविल प्रोसीज्योर में डिग्री के एग्जीक्यूशन के सिलसिले में जो अरेस्ट या डिटेंशन के प्रावीजन हैं उनको निकाल देना चाहिए। ऐसा करने से न स्त्रियों को शिकायत रहेगी और न पुरुषों को शिकायत रहेगी।

Shri Altekar: On a point of information, Sir. Will the hon. Member state whether he has not got the experience that a judgment-debtor makes arrangements to pay the amount in the court in many cases where a warrant for arrest is issued?

श्री आर० डी० मिश्र: यह बहुत गलत बात हैं। जो रुपए वाले होते हैं उनके दिल नहीं होता।

[श्री आर० डी० मिश्र]

एक साहब ने एक आदमी का घर नीलाम करवा दिया और उसकी कड़ियां निकलवा कर नीलाम करवा दीं। मैंने उनसे पूछा कि आपकी डिग्री तो सौ रुपए की है पर आपको इस नीलाम में सिर्फ ६ रुपए मिले। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से इसके बच्चे तो चौड़े में रहेंगे। दूसरों को सबक मिल जाएगा और वे रुपया दे देंगे। मैं कहता हूं कि जेल भेजने से रुपया वसूल नहीं होता। वह तो बदले की भावना से जेल भेजते हैं। रुपया न देने की वजह से कोई जेल नहीं जाना चाहिए। अब हिन्दुस्तान का नक्शा बदल गया है और इस बात को सब को समझ लेना चाहिए।

श्री पाटस्कर: यह बात तो ठीक है। लेकिन आप ही कहते हैं कि जो डिग्री मिले उस पर भी सूद देना चाहिए।

श्री आर० डी० मिश्र: आप सूद दें यह तो ईमानदारी है। हो सकता है कि किसी गरीब आदमी ने अपने को डिफेंड करने के लिए कर्ज लिया हो तो उस आदमी को कास्ट पर सूद क्यों न मिले। लेकिन मैं यह नहीं कहता कि उसके रुपए के लिए किसी को जेल भेजा जाए। चाहे वह गरीब का रुपया हो या अमीर का रुपया हो। लेकिन जो रुपया अदालत बतौर कास्ट करार दे दे उस पर सूद न दिया जाए यह गलत बात है। और रुपया वसूल कराने के लिए किसी को जेल भेजना यह भी गलत बात है।

फिर आप देखेंगे कि दफा ६० में सरकारी नौकरों के एलाउंसेज कुर्क होने से एग्जेम्प्ट हैं। मैं चाहता हूं कि यह जो एम० एल० एज० और एम० पीज० वगैरह हैं इनके भी एलाउंसेज एग्जेम्प्ट होने चाहिए। सेलरी आप कुर्क कर लें यह मैं मान सकता हूं। लेकिन इधर तो वह मकान का किराया दे और उधर कोई उसका एलाउंस भी कुर्क करा ले तो उसके लिए काम करना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए मैं चाहता हूं कि एम० पी० और एम० एल० एज० वगैरह का एलाउंस भी एग्जेम्प्ट होना चाहिए। अगर यह एलाउंस किसी लाला या व्यापारी के घर से आता होता तब तो दूसरी बात थी, लेकिन वह तो सरकारी खजाने से मिलता है। अगर इसको एग्जेम्प्ट नहीं किया जाएगा तो वह अपना काम ईमानदारी से अन्जाम नहीं दे सकेगा। मैं यह नहीं कहता कि सरकारी नौकरों का भी एलाउंस कुर्क कर लिया जाए, बल्कि मैं तो यह कहता हूं कि एम० पीज० वगैरह का भी एलाउंस एग्जेम्प्ट होना चाहिए।

सिविल प्रोसीज्योर कोड में सेक्शन ६४ में यह लिखा है कि जब कोई प्रापर्टी एटैच हो जाएगी तो जजमेंट डेटर उसको बेच नहीं सकेगा। मेरे तजर्बे में यह आया है कि जब डिक्री होल्डर किसी की प्रापर्टी को कुर्क कराता है तो वह यह कोशिश करता है कि वह कम से कम कीमत में नीलाम हो जाए। अगर यह अमेंडमेंट कर दिया जाए कि जजमेंट डेटर अदालत की इजाजत से अपनी प्रापर्टी के एक हिस्से को या कुल को बेच सके तो हो सकता है कि वह अपनी कुछ प्रापर्टी को बचा सके। यह ट्रांसफर वह अदालत की इजाजत से करेगा। साथ ही यह भी प्रावीजन कर दिया जाए कि प्रापर्टीज का परचेजर रुपया अदालत में जमा करे जजमेन्ट डेटर को न दे। ऐसा करने से डिक्री होल्डर का रुपया भी सीक्योर हो जाएगा...

श्री पाटस्कर: आप जरा दफा ६४ को पढ़ कर देखें Section 64 says " .....shall be void as against all claims enforceable under the attachment."

श्री आर० डी० मिश्र: यही तो मैं कह रहा हूं कि आप उसको बेचने की इजाजत दे दें।

I am saying that here permission should be given.

Shri Pataskar: Why it is necessary? It is only void as against all claims enforceable under the attachment: otherwise the transaction is valid.

श्री आर० डी० मिश्र: इसमें दिक्कतें हैं। आप इसको जरा पढ़ लें तो आपको साफ हो जाएगा।

Mr. Chairman: I want to point out one thing to Shri Misra. If you give way to any other Member to have his say, at that time you should sit down.

Shri S. S. More: That means he should not give way to anyone.

Shri R. D. Misra: Thank you.

अब इसमें एक दफा ८७वी है जिसमें रूलर्स को रियायतें दी गई हैं, जो कि फारिन रूलर्स को भी दी गई हैं। लेकिन अब हिन्दुस्तान आजाद हो गया है और सब बराबर के सिटिजन्स हैं। इसलिए इसमें यह तरमीम कर दी जानी चाहिए:

They can be sued and they can sue like any other citizen of India.

Mr. Chairman: You should try to conclude now.

श्री आर० डी० मिश्र: बहुत अच्छा।

इसके अलावा आप दफा १२२ में अमेंडमेंट कर रहे हैं कि प्रेसीडेंट और मिनिस्टर एग्जेम्प्ट हों। इसी तरह से मैं चाहता हूं कि आप मेम्बर्स आफ लैजिस्लेचर कोduring the sessions of the legislature and meetings of committees एग्जेम्प्ट कर दें। अगर सेशन या मीटिंग हो रही हो और मेम्बर उस मुकाम पर मौजूद हो तो उसको अदालत में समन के जरिए वहां से जाने के लिए मजबूर न किया जा सके। इसमें यह एग्जेम्प्शन होना चाहिए।

दफा १२८ में यह बात है कि हाई कोर्ट को राइट है कि वह किसी ला कोर्ट को मजबूर कर सकती है कि वह अपना रिकार्ड अंग्रेजी में रखे। अब यह चीज इसमें से निकाल दी जानी चाहिए। हमारा कांस्टीट्यूशन अब बदल गया है। लेकिन कोर्ट जिस जबान में चाहे रिकार्ड रखे, उसे अंग्रेजी में रिकार्ड रखने को मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।

पापर्स के लिए मैं कह ही चुका हूं।

मेरा कहना है कि जो कुछ सजेशन मैं ने आपके सामने रखे हैं वे तजर्बे की बिना पर रखे हैं। अगर आपको मेरे सजेशन रीजनेबिल मालूम हों तो आप इस बिल के स्कोप को बढ़ा दीजिए।

197 L.S.D.

आपकी सिलेक्ट कमेटी तो अक्तूबर में मीट करेगी। इस बीच आप मेरे सजेशन्स पर राय मंगा लीजिए और गौर कर लीजिए कि कौन कौन सी चीजें जरूरी हैं। उन चीजों पर सिलेक्ट कमेटी अगर गौर करे तो अच्छी बात है। इस मामूली से बिल के सिलेक्ट कमेटी में जाने से क्या फायदा होगा। इन शब्दों के साथ जो अच्छी बातें इस बिल में हैं उनको मैं सपोर्ट करता हूं और चाहता हूं कि जो इसमें खराबियां हैं उनको निकाल दिया जाए। मैंने पाटस्कर साहब के साथ काम किया है और मुझे पूरी उम्मीद है कि वह मेरे रीजनेबिल सजेशन्स को मान लेंगे। लेकिन मुश्किल यह है कि जो उनकी नीचे की मशीनरी है उसमें जंग लगा हुआ है। वह एक कामा तक नहीं बदलने देती। मैं चाहता हूं कि मिनिस्टर साहब उनके कहने में न आवें और इस बिल का स्कोप बढ़ाया जाए या न बढ़ाया जाए इस मामले में अपने जजमेंट से काम लें। अगर वह ऐसा करेंगे तो मुझे उम्मीद है कि वह मेरे सजेशन्स को मान लेंगे। मैं मिनिस्टर साहब से प्रार्थना करता हूं कि वह श्री एम० एल० अग्रवाल के अमेंडमेंट को मंजूर कर लें और इसके स्कोप को बढ़ा दें।

Shri Kasliwal (Kotah-Jhalawar): Sir, the hon. Members who have preceded me have advanced long arguments on the question as to whether the scope of this Bill should be widened or not. Many Members—and I am also of that view—have said that this Bill is a sketchy and scrappy Bill and could hardly serve any useful purpose. There are some Members like my hon. friend Pandit Thakur Das Bhargava who said that the scope and object of this Bill was a very limited one and as such the Bill was welcome.

In the heat of this controversy one particular fact has been forgotten and that is this. What is the genesis of this Bill. I want to take you very briefly through the history of the matter. In 1953 Dr. Katju who was then the Home Minister addressed a long circular letter to the various State Govern-

[Shri Kasliwal]

ments, public bodies, high court judges and to some others. That letter contained certain things particularly with regard to the administration of criminal and civil justice. His view was that, if not wholesale amendments, a lot of reform was necessary in the administration of both civil and criminal justice and he raised four points in his letter and those were: dilatoriness in the proceedings in courts, expensiveness of litigation, cumbersomeness of procedure and some other miscellaneous suggestions. I want to say that if this is the genesis of this Bill, this Bill does not touch the fringe of the problem. This Bill is a very limited and, I must say, a useless Bill, so far as those particular points are concerned. How does it in way say that expenses on litigation will be saved by the provisions in this Bill? How does it say that now, there will not be any dilatoriness in proceedings in courts and so on? I do not want to go into greater details because various Members have already addressed this House on those points. I leave it at that, and I leave it to the judgment and wisdom and good sense of the Select Committee to see that certain very important provisions to which attention has been drawn by Members here are included in this amending Bill.

I want to come to the provisions of the Bill now. I will not waste the time of the House in repeating the arguments on those clauses on which hon. Members have said a great deal but there is one provision on which, first of all, I want to draw the attention of this House, and I welcome that provision. I am sure that when I welcome that provision, the hon. Minister also will be very glad.

Shri Pataskar: I am always glad both ways.

Shri Kasliwal: I am not going into the matter in the seriatim order of the Bill but I am going in the reverse order. First of all, I want to take clause 16. In this clause you have included one sub-clause, namely, sub-clause (8). What is sub-clause (8)? Sub-clause (8) seems to be very innocuous or insignificant in a sense but really it is a very salutary provision, because, for the first time, in the entire country a summary procedure in respect of liquidated demands is proposed to be introduced. This Order XXXVII, rule 1 was previously applicable only to the three cities of Madras, Bombay and Calcutta. Now, for the first time, with the incorporation of this amendment, this new provision is sought to be made. I heartily welcome it because it is my experience that in suits on negotiable instruments, all sorts of vaxatious, bogus and frivolous defences are made. It is more or less the objective of the defendant to try in every possible way to defeat or to delay the plaintiff's suit or the decree that he might later on obtain. With the introduction of this new provision, the defendant will find himself in difficulties so far as the question of defeating or delaying justice is concerned.

Now, what are the provisions of this order XXXVII? It is this. When summons are being sent to the defendant, the summons will say, "You have got to enter appearance within ten days." If he does not enter appearance, the plaintiff will be entitled to get a decree immediately on any negotiable instrument. If he enters appearance, then, the court will say. "All right, I will give you the right to defend the suit only on certain conditions. You might file a security". Under such circumstances alone the defendant will be in a position to defend a suit and not otherwise. I do not want to enter into details on this point but I most heartily welcome this provision.

Shri Raghavachari: It applies to all courts of original jurisdiction in all places.

Shri Kasliwal: It applies only to the presidency towns. The Civil Procedure Code does not mention what you say.

Now I come to clause 5. My hon. friend Shri R. D. Misra was the first Member to refer to this clause. I am

